# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

**Rajasthan Staff Selection Board**

**Agriculture Campus, Durgapura, Jaipur, Rajasthan, 302018**

https://rssb.rajasthan.gov.in secyrsmssb@rajasthan.gov.in
https://recruitment.rajasthan.gov.in +91-141-2722520

**प**.14(146)RSSB/**अर्थना**/**मा.शि.**/**पु.अ.ग्रेड** III/**भर्ती**/2024-00767 Date: As per E-sign

## –:: प्रेस विज्ञप्ति ::–

## पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III सीधी भर्ती–2024

बोर्ड द्वारा संस्कृत शिक्षा विभाग के लिये राजस्थान संस्कृत शिक्षा राज्य एवं अधीनस्थ सेवा (विद्यालय शाखा) नियम–2015 यथा संशोधित, माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिये राजस्थान शिक्षा (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम–2021 यथा संशोधित एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 के अन्तर्गत पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III के कुल 548 (गैर अनुसूचित क्षेत्र के 483 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 65) के पदों पर भर्ती हेतु निर्धारित प्रपत्र मे ऑनलाईन आवेदन आमन्त्रित किये गये थे।

इसके उपरांत उक्त भर्ती में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता अर्थात संबंधित प्रमाण–पत्र धारित नहीं करने वाले आवेदकों को 07 दिवस तक अपना आवेदन प्रत्याहरित करने हेतु अवसर प्रदान किया गया था।

बोर्ड द्वारा पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III के पदों पर परीक्षा दिनांक 27.07.2025 को आयोजित करवाई जा रही है। बोर्ड द्वारा आयोजित की जा रही **उक्त भर्ती में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता अर्थात संबंधित प्रमाण–पत्र धारित नहीं करने वाले एवं उक्त परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने के इच्छुक आवेदकों को ऑनलाईन आवेदन प्रत्याहरित करने हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है।** ऐसे आवेदक कुल 03 दिवस की अवधि में **दिनांक 26.06.2025 से दिनांक 28.06.2025 तक** SSO Portal पर Login कर Recruitment Portal का चयन कर My Recruitment Section के अन्तर्गत संबंधित परीक्षा के समक्ष उपलब्ध Withdraw Button पर क्लिक कर अपना ऑनलाईन आवेदन पत्र **प्रत्याहरित (Withdraw)** कर सकेगें। विज्ञापन के अनुसार वांछित योग्यता नहीं होने के बावजूद भी इस अवधि में आवेदन पत्र प्रत्याहरित (Withdraw) नहीं करने वाले अभ्यर्थियों के विरूद्ध बोर्ड द्वारा पात्रता जांच उपरान्त विधि सम्मत कार्यवाही की जायेगी। **अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक प्रत्याहरित (Withdraw) करें। अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रत्याहरित (Withdraw) करने के पश्चात् प्रत्याहरित (Withdraw) किये गये अभ्यर्थियों के दोबारा ऑनलाईन आवेदन पत्र बोर्ड द्वारा स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**

विज्ञप्ति की शेष शर्ते मूल विज्ञापन संख्या 18/2024 दिनांक 11.12.2024 (यथा संशोधित) के अनुसार यथावत रहेंगी।

**(डॉ. बी.सी. बधाल)**
**सचिव**

प्रतिलिपि निम्न को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. प्रभारी अधिकारी, आई.टी. अनुभाग, RSSB जयपुर को प्रेस विज्ञप्ति बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित है।

**सचिव**

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhag Chand Badhal
Designation : Secretary
Date: 2025.06.23 18:09:58 IST
Reason: Approved